राजकीय महाविद्यालय पाटी (चम्पावत)

विश्व जल दिवस

पाटी (चम्पावत)। यूथ रेडक्रॉस सोसायटी यूनिट के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय पाटी, चम्पावत की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 के.के मिश्रा ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व एवं जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने जल की कमी से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि जल संकट से मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ कृषि एवं खाद्य सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 धर्मवीर सिंह ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल हमारे शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, भोजन के पाचन तथा शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ0 सपना असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी) ने अपने व्याख्यान में जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) राकेश कुमार पाणेय ने विश्व जल दिवस की उपयोगिता बताते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके बिना मानव अस्तित्व की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से जल के महत्व को समझने तथा इसके संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जल संरक्षण के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। उन्हें वर्षा जल संचयन अपनाने, जल का सीमित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल प्रदूषण रोकने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में निखिल, रश्मि, पृथ्वी, गौरव, मनीष, धीरज, डॉली, दीपा, अनुष्का सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner



निष्कर्ष



Scanned with OKEN Scanner



धन्यवाद।



Scanned with OKEN Scanner